राज्य स्तरीय आकलन

FA	2

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : तीसरी विषय : पर्यावरण

PAPER CODE: 3041 पूर्णांक : 10

निर्देश – खंड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खंड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खंड 'अ' (अंक 05)

LO – E 304 - अपने घर/विद्यालय/आसपास की वस्तुओं, संकेतों (बर्तन, चूल्हे, यातायात, संप्रेषण के साधन बोर्ड आदि) स्थानों (विभिन्न प्रकार के घर/आश्रय, बस स्टैंड, पेट्रोल पंप आदि) गतिविधियों (लोगों के कार्यों, खाना बनाने की प्रक्रिया आदि को पहचानते हैं।

गतिविधि 01

गतिविधि का नाम – हमारे त्यौहार

शिक्षक बच्चों से त्यौहारों से संबंधित जानकारी, पुराने अखबार, पुरानी किताबों, घर के आयोजन आदि उपलब्धता के आधार पर कराकर निम्न तालिका को कॉपी/ चार्ट में पूर्ण करने को कहें।

क्र.	त्यौहार का नाम	किस माह में मनाते है?	संबंधित चित्रों का संग्रहण	त्यौहार कैसे मनाते है?	त्यौहार क्यों मनाते है?
1	होली				
2	ईद				
3	दीवाली				
4	क्रिसमस				
5	रक्षाबंधन				

गतिविधि 02

गतिविधि का नाम – महापुरूषों की जयंती एवं दिवस

शिक्षक महापुरूषों के चित्र एवं महापुरूषों के जीवन से संबंधित जानकारी एकत्रित करवाएँ एवं निम्न तालिका को कॉपी/ चार्ट में पूर्ण करने के लिए कहें।

क्र.	महापुरूषों की जयंती	महापुरूषों के चित्र	महापुरूषों की विशेषताएँ	महापुरूषों की जयंती क्यों मनाते हैं	महापुरूष की जयंती कैसे मनाते हैं
1	गांधी जयंती				
2	तुलसीदास जयंती				
3	घासीदास जयंती				
4	बाल दिवस				
5	शिक्षक दिवस				

गतिविधि 03

गतिविधि का नाम – हमारा राष्ट्रीय पर्व

शिक्षक राष्ट्रीय पर्व से संबंधित जानकारी एकत्रित करने को कहें एवं निम्नलिखित तालिका को कॉपी/ चार्ट में पूर्ण करने के लिए कहें।

क्र.	राष्ट्रीय पर्व का नाम	कब मनाते हैं?	क्यों मनाते हैं?	कैसे मनाते हैं?	संबंधित महापुरूषों के चित्र
1	स्वतंत्रता दिवस				
2	गणतंत्र दिवस				

खंड 'ब' (अंक 05)

LO – E 311 भ्रमण के दौरान विभिन्न तरीकों से वस्तुओं/गतिविधियों/स्थानों के अवलोकनों, अनुभवों जानकारियों को रिकार्ड करते है तथा पैटर्न (उदाहरण के लिए चंद्रमा के आकार, मौसम आदि) को बताते हैं।

गतिविधि 04

गतिविधि का नाम – हमारे कामगार

शिक्षक बच्चों से निम्नलिखित कामगारों के बारे में जानकारी एकत्रित करने के लिए कहें तथा निम्न तालिका को कॉपी/ चार्ट में पूरा करवाएं।

क्र.	कामगार का नाम	कामगार का चित्र	कामगार द्वारा बनाई गई वस्तु का नाम	वस्तु के निर्माण में उपयोगी वस्तु एवं औजार का नाम
1	दर्जी			
2	कुम्हार			
3	लाहार			
4	बढ़ई			
5	सुनार			

गतिविधि 05

गतिविधि का नाम – कामगारों द्वारा निर्मित एवं मशीन द्वारा निर्मित वस्तुओं की तुलना

शिक्षक बच्चों से कामगारों द्वारा निर्मित वस्तुओं एवं वर्तमान में मशीनों द्वारा निर्मित वस्तुओं की तुलना कॉपी/ चार्ट में करवाएं।

क्र.	कामगार का नाम	कामगार का चित्र	कामगार द्वारा बनाई गई वस्तु का नाम	मशीन द्वारा निर्मित वस्तु	कामगार द्वारा निर्मित वस्तु एवं मशीन द्वारा निर्मित वस्तु की तुलना
1	दर्जी				
2	कुम्हार				
3	लोहार				
4	बढ़ई				
5	सुनार				

गतिविधि 06

गतिविधि का नाम – कामगार द्वारा वस्तु निर्माण की जानकारी

बच्चों के समूह कुम्हार के घर जाकर पता करें कि वह बर्तन आदि बनाने के लिए क्या–क्या करता है। बच्चों से निम्नलिखित प्रश्नों के लिए कहें।

अ. कुम्हार कौन–कौन सी चीजें मिट्टी से बनाता है।

ब. कुम्हार यह मिट्टी कहाँ से लाता है।

स. कुम्हार को बर्तन बनाने के लिए किस प्रकार की मिट्टी चाहिए।

द. कुम्हार मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए किन साधनों का उपयोग करता है?

ई. कुम्हार मिट्टी के बर्तन क्यों पकाता है?